# पीएनबी ने 2025 की चौथी तिमाही के लिए 4,567 करोड़ का शुद्ध लाभ किया दर्ज

**नई दिल्ली।**

सरकारी स्वामित्व वाले पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) ने वित्त वर्ष 2025 की जनवरी-मार्च तिमाही के लिए 4,567 करोड़ का शुद्ध लाभ दर्ज किया है, जो पिछले वित्त वर्ष की इस अवधि के 3,010 करोड़ रुपए के आंकड़े से 51.7 फीसदी ज्यादा है। पीएनबी ने वित्त वर्ष 2025 के लिए 2.90 रुपए प्रति इक्विटी शेयर का लाभांश घोषित किया है।

जमा पर दिए गए ब्याज और ऋण पर अर्जित ब्याज के बीच का अंतर, बैंक की शुद्ध ब्याज आय चौथी तिमाही के लिए 4 फीसदी बढ़कर 10,757 करोड़ हो गई।

पीएनबी बोर्ड ने वित्त वर्ष 2025 के लिए 2 रुपए अंकित मूल्य के प्रत्येक इक्विटी शेयर पर 2.90 रुपए का लाभांश देने की सिफारिश की। लाभांश बैंक की आगामी वार्षिक आम बैठक में शेयरधारकों की मंजूरी के अधीन है।

सार्वजनिक क्षेत्र के ऋणदाता की परिसंपत्ति गुणवत्ता जनवरी-मार्च तिमाही के दौरान बेहतर हुई, जिसमें ग्रॉस नॉन-परफॉर्मिंग एसेट्स पिछली तिमाही के 4.09 फीसदी से घटकर 3.95 फीसदी हो गई।

चौथी तिमाही में नेट नॉन-परफॉर्मिंग एसेट्स मामूली रूप से घटकर 0.41 फीसदी रह गई, जो तीसरी तिमाही में 0.4 फीसदी थीं। पीएनबी बोर्ड ने बेसल-3 अनुपालन बॉन्ड जारी कर 8,000 करोड़ की नई फंडिंग जुटाने के प्रस्ताव को भी मंजूरी दी है। इसमें 4,000 करोड़ रुपए तक के अतिरिक्त टियर-1 बॉन्ड और 4,000 करोड़ रुपए तक के टियर-2 बॉन्ड शामिल हैं।

जिन्हें वित्त वर्ष 2026 के दौरान एक या ज्यादा किस्तों में जुटाया जाएगा। पीएनबी का वैश्विक कारोबार वित्त वर्ष 2025 की चौथी तिमाही में 14.03 फीसदी से बढ़कर 26,83,260 करोड़ रुपए हो गया, जो पिछले साल की समान तिमाही में 23,53,038 करोड़ रुपए था। वैश्विक जमा राशियों में सालाना आधार पर 14.38 फीसदी की वृद्धि दर्ज की गई, जो मार्च 2025 तक 15,66,623 करोड़ रुपए हो गई, जो मार्च 2024 तक 13,69,713 करोड़ रुपए थी। ग्लोबल एडवांस 9,83,325 करोड़ रुपए से 13.56 फीसदी बढ़कर 11,16,637 करोड़ रुपए हो गया।

# ग्राहकों को नई बजाज पल्सर एनएस400झेड बेहतरीन विकल्प



**नई दिल्ली।**

वर्तमान में ग्राहकों के लिए बजाज की नई पल्सर एनएस400झेड बेहतरीन विकल्प हो सकती है। नई एनएस400झेड में अब पीछे की ओर 150 सैक्शन वाले अपोलो अल्फा एच1 रेडियल टायर्स दिए गए हैं, जो पहले के 140 सैक्शन वाले एमआरएफ आरईवीझेड टायर्स की तुलना में बेहतर ग्रिप और हाई-स्पीड स्टेबिलिटी प्रदान करते हैं। फ्रंट टायर भी अब अपोलो कंपनी का ही है, हालांकि उसका साइज पहले जैसा ही रखा गया है। ब्रेकिंग सिस्टम में भी बड़ा बदलाव किया गया है। अब इसमें ऑर्गेनिक ब्रेक पैड्स की जगह सिंटरड ब्रेक पैड्स का इस्तेमाल हुआ है, जिससे बाइक की ब्रेकिंग परफॉर्मेंस और स्टॉपिंग पावर पहले से ज्यादा मजबूत हो गई है। यह खासतौर पर हाई-स्पीड राइडिंग के दौरान उपयोगी साबित होगा। नई पल्सर एनएम400झेड को ओबीडी-2बी एमिशन नॉर्म्स के अनुसार अपडेट किया गया है, लेकिन इसकी पावर और टॉर्क आउटपुट में कोई बदलाव नहीं हुआ है। यह बाइक अब भी 39.4 बीएचपी की पावर और 35 एनएम का टॉर्क देती है। फीचर्स की बात करें तो इसमें फुल एलईडी लाइटिंग, डिजिटल इंस्ट्रूमेंट क्लस्टर, स्विचेबल ट्रैक्शन कंट्रोल और चार राइडिंग मोड्स - रोड, रेन, स्पोर्ट और ऑफ-रोड मिलते हैं। मस्क्युलर डिजाइन और अग्रेसिव स्टाइलिंग इसे युवा राइडर्स के बीच और भी आकर्षक बनाती है। पल्सर एनएस400झेड अब लॉन्च से पहले ही काफी चर्चा में है और इसके स्पेसिफिकेशन्स इसे बजाज की सबसे दमदार स्पोर्ट्स बाइक्स में से एक बनाते हैं। बता दें कि यह बाइक लॉन्च से पहले ही देशभर के शोरूम में नजर आने लगी है और इसके लेटेस्ट अपडेट्स ने बाइक प्रेमियों को खासा उत्साहित कर दिया है।

# नागपुर के सभी पेट्रोल पंपों पर 10 मई से डिजिटल पेमेंट बंद

**अब पेट्रोल-डीजल सिर्फ कैश में मिलेगा**



**नई दिल्ली।**

देश भर में जहां डिजिटल लेन-देन को बढ़ावा दिया जा रहा है, वहीं एक बड़ा फैसला महाराष्ट्र के नागपुर से सामने आया है, जिसने रोजाना पेट्रोल पंप पर जाने वाले लोगों की चिंता बढ़ा दी है। मोबाइल स्कैन कर पेट्रोल भरवाने वाले वाहन चालकों के लिए अब मुश्किल खड़ी होने वाली है, क्योंकि नागपुर के सभी पेट्रोल पंपों पर डिजिटल पेमेंट बैन कर दिया गया है। विदर्भ पेट्रोलियम डीलर्स एसोसिएशन ने ऐलान किया है कि 10 मई से नागपुर के सभी पेट्रोल पंपों पर डिजिटल पेमेंट को पूरी तरह बंद कर दिया जाएगा। इसका सीधा मतलब है कि अब पेट्रोल या डीजल भरवाने के लिए आपको कैश लेकर जाना जरूरी होगा, वरना आपको ईंधन नहीं मिलेगा। फिलहाल लोग पेटीएम, गूगल पे, फोनपे, कार्ड आदि के जरिए भुगतान करते हैं, लेकिन यह सुविधा कुछ ही दिनों में बंद हो जाएगी। पेट्रोल पंप संचालकों ने पहले से ही ग्राहकों को सतर्क करना शुरू कर दिया है।

यह निर्णय किसी तकनीकी खराबी या सरकारी आदेश के तहत नहीं लिया गया, बल्कि पेट्रोल पंप मालिकों की साइबर फ्रॉड से तंग आकर लिया गया है। एसोसिएशन के अध्यक्ष ने बताया कि पिछले कुछ समय में लगातार ऐसे मामले सामने आए हैं, जहां लोग नकली या फर्जी डिजिटल ट्रांजेक्शन दिखाकर पेट्रोल भरवा लेते हैं। इसके बाद वे राष्ट्रीय साइबर क्राइम पोर्टल पर झूठी शिकायत दर्ज करवा देते हैं कि उनका पैसा काट लिया गया, जिससे पेट्रोल पंप मालिकों के बैंक खाते सीज (फ्रीज़) हो जाते हैं। इसके चलते पेट्रोल पंप के संचालन पर बड़ा असर पड़ा है।

# नई इलेक्ट्रिक कार विंडसर ईवी प्रो लांच



**नई दिल्ली।**

भारतीय बाजार में नई इलेक्ट्रिक कार विंडसर ईवी प्रो को लॉन्च कर दिया है। जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर की इस कार की शुरुआती एक्स-शोरूम कीमत बैटरी सहित 17.49 लाख रुपये और बैटरी रेंटल स्कीम के तहत 12.50 लाख रुपये तय की गई है। यह कीमत पहले 8,000 ग्राहकों के लिए मान्य होगी। कंपनी ने बैटरी रेंटल स्कीम के तहत ग्राहकों से प्रति किलोमीटर 4.50 रुपये की दर से शुल्क लेने का फैसला किया है, जबकि स्टैंडर्ड विंडसर ईवी के लिए यह दर 3.50 रुपये प्रति किमी होगी। खास बात यह है कि इस कार के पहले मालिक को बैटरी पर आजीवन वारंटी भी दी जाएगी। विंडसर ईवी प्रो में 52.9 केडब्ल्यूएच का बड़ा बैटरी पैक दिया गया है, जो एक बार फुल चार्ज होने पर 449 किलोमीटर तक की रेंज देने में सक्षम है। यह बैटरी एमजी झेडएस ईवी की तरह ही फ्रंट-व्हील ड्राइव पर काम करने वाली पीएमएस मोटर को पावर देती है, जो 134 बीएचपी की पावर और 200 एनएम का टॉर्क जनरेट करती है। कार की टॉप स्पीड 170 किलोमीटर प्रति घंटा है और यह 0 से 100 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार सिर्फ 8.6 सेकंड में पकड़ सकती है। डिजाइन की बात करें तो नया मॉडल पुराने विंडसर जैसा ही दिखता है, बस इसके टेलगेट पर प्रो बैज जोड़ा गया है। कार तीन रंगों- सीडान ब्ल्यू, ग्लाझ रेड और औरोरा सिल्वर में उपलब्ध है। इसके केबिन में डुअल-टोन आइवरी इंटीरियर दिया गया है।

# भूषण पावर अधिग्रहण रद्द, बैंकों के 3 लाख करोड़ दांव पर!

**मुंबई।**

कर्ज संकट से जूझ रही भूषण पावर एंड स्टील लिमिटेड (बीपीएसएल) के लिए जेएसडब्ल्यू स्टील के 19,700 करोड़ रुपए के रिजॉल्यूशन प्लान को सुप्रीम कोर्ट द्वारा खारिज करने के बाद कई भारतीय बैंकों के ऋण में दिए गए 3 लाख करोड़ रुपए से ज्यादा दांव पर हैं। इसी बीच बीपीएसएल को सबसे अधिक ऋण देने वाले दूसरे बड़े पंजाब नैशनल बैंक के 6100 करोड़ रुपए की वसूली का मामला भी अब अधर में लटक गया है। बैंक उम्मीद कर रहा था कि वह इस ऋण के एवज में 2,440 करोड़ या 1.94 फीसदी की वसूली कर लेगा लेकिन अब यह इतना आसान नहीं रह गया है। हालांकि दिवाला प्रक्रिया के जरिये बी.पी.एस.एल. के अधिग्रहण के जे.एस.डब्ल्यू. स्टील के कदम को अवैध करार देने वाले उच्चतम न्यायालय के फैसले पर विस्तार से विचार किया जा रहा है। वित्तीय सेवा विभाग के मुताबिक विभाग ने ऋणदाताओं के साथ मिलकर इस फैसले की समीक्षा की है और अब इस पर सरकार की राय ली जाएगी। उसके बाद ही आगे की कार्रवाई पर फैसला किया जाएगा। सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद भारतीय बैंकिंग सैक्टर में उथल-पुथल के आसार बने हुए हैं। इसलिए पब्लिक सैक्टर के बैंकों को अपनी अपेक्षित वसूली का एक महत्वपूर्ण हिस्सा खोना पड़ सकता है। बड़े जोखिम को देखते हुए यह देखना बाकी है कि इसका बैलेंस शीट पर कितना असर होगा और आने वाली तिमाहियों में प्रावधान पर क्या असर होगा। रिपोर्ट के अनुसार विशेषज्ञों ने सुझाव दिया है कि वैकल्पिक कानूनी उपाय या एक नया रिजॉल्यूशन प्लान अभी भी सामने आ सकता है।

# गूगल ने फिर दिखाया 200 कर्मचारियों को बाहर का रास्ता

**नई दिल्ली।**

टेक दिग्गज गूगल में फिर से कर्मचारियों की छंटनी की खबरें मिल रही है। रिपोर्टों की मानें तो कंपनी ने अपने ग्लोबल बिजनेस यूनिट में से करीब 200 कर्मचारियों को कंपनी से निकाल निकाल दिया है। गूगल के लिए यह टीम दुनियाभर में सेल्स और पार्टनरशिप का काम देखती है। बताया जा रहा है कि बड़ी-बड़ी टेक कंपनियां आजकल आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) और इंफ्रास्ट्रक्चर पर अधिक ध्यान दे रही है। एक बड़े पैमाने पर इंडस्ट्री में बदलाव हो रहा है और शायद कर्मचारियों की छंटनी की भी यही वजह हो सकती है। इस वजह से कंपनी कर रही स्मॉल एडजस्टमेंट गूगल के इस कदम की जानकारी द इन्फॉर्मेशन ने अपनी रिपोर्ट में दी है। बताया जा रहा है कि कंपनियां डेटा सेंटर और एआई डेवलपमेंट पर खर्च कर रही हैं। इसके चलते कई पुराने सेगमेंट्स खत्म हो रहे हैं या वहां कर्मचारियों की संख्या कम की जा रही है। रॉयटर्स को दिए एक बयान में गूगल ने इन बदलावों को स्मॉल एडजस्टमेंट बताया। इनका मकसद सहयोग को अधिक बढ़ावा देना और ग्राहकों को कितनी जल्दी सेवाएं दी जा रही है, इसमें सुधार करना है।



# भारत-पाकिस्तान के बीच तनाव बढ़ने से दोनों देशों में कर्ज बढ़ने का खतराः एसएंडपी

**नई दिल्ली।** भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव बढ़ने से दोनों देशों के लिए कर्ज का जोखिम भी बढ़ेगा। एसएंडपी ग्लोबल रेटिंग्स ने गुरुवार को यह बात कही। रेटिंग एजेंसी ने दोनों देशों को बीबीबी- और सीसीसी+ प्रदर्शकों के साथ रेटिंग दी है। वह आगाह करते हैं कि अगले दो से तीन सप्ताह तक तनाव के उच्च स्तर पर रह सकता है और महत्वपूर्ण सैन्य कार्रवाई की संभावना है। भारतीय सुरक्षा बलों ने मंगलवार एवं बुधवार की दरमियानी रात पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में नौ आतंकवादी ठिकानों पर मिसाइल हमले किए। इसके परिणामस्वरूप, पाकिस्तान के प्रधानमंत्री और रक्षा मंत्री ने भारत के विरोध में फिर से कार्रवाई की तयारी करने का एलान किया है। एसएंडपी ने कहा है कि भारत अपनी आर्थिक वृद्धि मजबूत रखेगा जबकि पाकिस्तान सरकार अपनी अर्थव्यवस्था को सुधारने के लिए कदम उठाएगी। यह तनाव सबके लिए अमंगलकारी है और दोनों देशों को सावधान रहने की आवश्यकता है।

## रुपया बढ़त पर बंद

**मुंबई।**

अमेरिकी डॉलर के मुकाबले गुरुवार को भारतीय रुपया 18 पैसे की बढ़त के साथ ही 84.57 पर बंद हुआ। वहीं गत दिवस रुपया 37 पैसे की बढ़त के साथ ही 84.75 पर बंद हुआ। । रुपया गुरुवार को शुरुआती कारोबार में 23 पैसे चढ़कर अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 84.54 पर पहुंच गया। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि विदेशी पूंजी के निरंतर प्रवाह और डॉलर कमजोर होने से स्थानीय मुद्रा को बल मिला, हालांकि भू-राजनीतिक तनाव निवेशकों की भावनाओं को प्रभावित कर रहा है। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 84.61 प्रति डॉलर पर खुला और फिर डॉलर के मुकाबले 84.65 पर लुढ़क गया। हालांकि बाद में 84.54 प्रति डॉलर पर आ गया जो पिछले बंद भाव के मुकाबले 23 पैसे की बढ़त दर्शाता है। रुपया बुधवार को 42 पैसे की गिरावट के साथ 84.77 प्रति डॉलर पर बंद हुआ था। इस बीच छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.04 प्रतिशत की बढ़त के साथ 99.65 पर रहा।घरेलू शेयर बाजार में बीएसई सेंसेक्स 50.00 अंक की गिरावट के साथ 80,696.78 अंक पर आ गया, जबकि निफ्टी 31.30 अंक फिसलकर 24,383.10 अंक पर रहा।

## पीएनबी का मुनाफा 51.7 प्रतिशत बढ़ा

**मुंबई।**

सार्वजनिक क्षेत्र के पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) ने मार्च 2025 में समाप्त चौथी तिमाही में 4567 करोड़ रुपये का मुनाफा कमाया है जो इससे पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि के 3010 करोड़ रुपये की तुलना में 51.7 प्रतिशत अधिक है। बैंक ने शेयर बाजार दी जानकारी में कहा कि वित्त वर्ष 2024-25 की अंतिम तिमाही में उसकी शुद्ध ब्याज आय 10757 करोड़ रुपये रही है जबकि मार्च 2024 में समाप्त तिमाही में यह आय 10363 करोड़ रुपये थी।

## भारत में मार्च 2025 तक फोनधारकों की संख्या 120 करोड़ि थी

**नई दिल्ली।** देश में मार्च 2025 तक कुल फोनधारकों की संख्या 120 करोड़ थी जिसमें से वायरलेस फोन धारकों की संख्या 116.37 करोड़ और वायरलाइन धारकों की संख्या 3.70 करोड़ थी। भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण (ट्राई) द्वारा जारी किए गए मासिक आंकड़ों के अनुसार मार्च 2025 में वायरलेस ब्रॉडबैंड धारकों की संख्या 90.27 करोड़ और वायरलाइन ब्राडबैंड धारकों की संख्या 4.13 करोड़ थी। कुल ब्राडबैंड धारकों की संख्या 94.41 करोड़ थी।

# ट्रम्प का कहना है कि वे चीन के साथ वार्ता शुरू करने टैरिफ कम नहीं करेंगे!

**ट्रम्प ने कहा, चीन को पहले अपनी एकतरफा टैरिफ बढ़ोतरी वापस लेनी चाहिए**

**वाशिंगटन।**

अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रम्प ने बीजिंग के साथ ट्रेड वार की बातचीत शुरू करने के लिए चीन के 145 फीसदी टैरिफ को कम करने पर विचार नहीं करेंगे, इसकी घोषणा की। उन्होंने कहा कि चीन को पहले अपनी एकतरफा टैरिफ बढ़ोतरी वापस लेनी चाहिए। इसके साथ ही, ट्रम्प ने चीन के दावे को खारिज करते हुए कहा कि अमेरिका ने स्विट्जरलैंड में ट्रेड वार्ता शुरू की थी। चीन ने भी ट्रम्प के टैरिफ में और बढ़ोतरी के विरोध किया, कहते हुए कि वे अमेरिका के प्रस्तावों का आकलन कर रहे हैं। ट्रम्प ने आंकड़ों का सहारा लेते हुए कहा कि चीन में बेरोजगारी बहुत ज्यादा हो गई है और कारखाने बंद हो रहे हैं। उन्होंने इसके असर से सहमतता जताई, लेकिन चीन को टैरिफ बढ़ाने से पहले अपनी बढ़ोतरी वापस लेनी चाहिए, यह उनकी मांग है। चीन ने अमेरिका के प्रस्तावों का आकलन करने का दावा किया है, लेकिन उन्होंने ट्रम्प को अपनी टैरिफ बढ़ोतरी कैंसिल करने का कहा है। इसमें दस्तावेजीकरण है कि स्विट्जरलैंड में होने वाले चीनी-अमेरिकी बैठक से पहले यह खुलासा हुआ है। ट्रम्प ने इस बिल्कुल भी अपनी गैरहाजिरगी नहीं दी है और देश में चल रहे व्यापार वार्ता की एक समीक्षा के दौरान इस पर अवधान निशानी स्थापित की है। इस संदर्भ में, व्यापार क्षेत्र में लंबे समय से चल रहे कठिनाइयों को हल करने के लिए दोनों पक्षों की उम्मीद जताई जा रही है। बाकी, चीन और अमेरिका के बीच व्यापार वार्ता के मामले में और योजनाएं तय की जा सकती हैं।

# शेयर बाजार गिरावट पर बंद

**मुम्बई।**

भारतीय शेयर बाजार गुरुवार को गिरावट पर बंद हुआ। बाजार में ये गिरावट दुनिया भर से मिले कमजोर संकेतों के साथ ही बिकवाली हावी रहने से आई है। दिन भर के कारोबार के बाद 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 411.97 अंक करीब 0.51 फीसदी की गिरावट के साथ ही 80,334.81 अंकों पर बंद हुआ। वहीं इसी प्रकार 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी भी 140.60 अंक तकरीबन 0.58 फीसदी नीचे आकर 24,273.80 अंकों पर बंद हुआ। वहीं गत दिवस बाजार हल्की बढ़त पर बंद हुआ था। आज कारोबार के दौरान सेंसेक्स की 30 में से सिर्फ 4 कंपनियों के शेयर बढ़त पर बंद हुए। वहीं 26 कंपनियों के शेयर गिरावट पर बंद हुए। इसी तरह निफ्टी 50 की 50 में से सिर्फ 5 कंपनियों के शेयर ही बढ़त के साथ हरे निशान में बंद हुए और बाकी की सभी 45 कंपनियों के शेयर नुकसान के साथ लाल निशान में बंद हुए। आज सेंसेक्स की कंपनियों में शामिल एक्सिस बैंक के शेयर सबसे ज्यादा 0.70 फीसदी ऊपर आये और एटरनल (जोमेटो) के शेयर सबसे ज्यादा 3.14 फीसदी की गिरावट के साथ बंद हुए। महिंद्रा एंड महिंद्रा, मारुति सुजुकी के शेयरों में बड़ी गिरावट आई है। सेंसेक्स की अन्य कंपनियों में महिंद्रा एंड महिंद्रा के शेयर 2.85 फीसदी, मारुति सुजुकी 2.04 फीसदी, बजाज फाइनेंस 1.86 फीसदी, टाटा स्टील 1.81 फीसदी, भारती एयरटेल 1.58 फीसदी, एशियन पेंट्स 1.49 फीसदी, बजाज फिनसर्व 1.48 फीसदी, पावरग्रिड 1.09 फीसदी, भारतीय स्टेट बैंक 0.95 फीसदी, एचडीएफसी बैंक 0.94 फीसदी, इंडसइंड बैंक 0.94फीसदी, सनफार्मा 0.85 फीसदी, एनटीपीसी 0.72 फीसदी, अडाणी पोर्ट्स 0.62 फीसदी, हिंदुस्तान यूनिलीवर 0.62 फीसदी और आईसीआईसीआई बैंक के शेयर 0.60 फीसदी की गिरावट के साथ बंद हुए। इसके अलावा लार्सन एंड टुब्रो, नेस्ले इंडिया, आईटीसी, अल्ट्राटेक इमेंट, रिलायंस इंडस्ट्रीज और टेक महिंद्रा के शेयर भी गिरावट पर बंद हुए। वहीं टाइटन और एचसीएल के शेयरों के अलावा एचसीएल टेक 0.67 फीसदी और कोटक महिंद्रा बैंक 0.33 फीसदी व टाटा मोटर्स के शेयरों इससे पहले आज सुबह बाजार थोड़ी बहुत बढ़त के साथ खुला। टाटा मोटर्स और बैंकिंग शेयरों में बढ़त से बाजार को बल मिला।सेंसेक्स की तरह ही निफ्टी-50 भी मजबूती के साथ शुरु हुआ। हालांकि, इंडेक्स में उतार-चढ़ाव देखने को मिल रहा है।यह 31.05



अंक की कमजोरी के साथ 24,383.35 अंक पर कारोबार कर रहा था। पिछले सत्र में सेंसेक्स 105.71 अंक बढ़कर 80,746.78 पर और एनएसई निफ्टी 34.80 अंक बढ़कर 24,414.40 पर बंद हुआ था। वहीं एशियाई बाजारों में चीन का सीएसआई 300 0.16 प्रतिशत ऊपर था जबकि शंघाई 0.01 प्रतिशत नीचे था। हांगकांग का हैंग सेंग 0.45 प्रतिशत नीचे और जापान का निक्केई 0.07 प्रतिशत ऊपर जबकि ऑस्ट्रेलिया का एएसएक्स 200 0.12 प्रतिशत ऊपर था। वॉल स्ट्रीट इंडेक्सिस में बुधवार को बढ़त दर्ज की गई। सेमीकंडक्टर स्टॉक्स में तेजी से बाजार चढ़कर बंद हुए। रिपोर्ट्स के अनुसार आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस चिप्स पर विनियमन में ढील दी जाएगी। इसके चलते सेमीकंडक्टर स्टॉक्स में तेजी आई। नैस्डैक 0.27 प्रतिशत, एसएंडपी 500 0.43 प्रतिशत और डॉव जोन्स 0.7 प्रतिशत ऊपर कारोबार कर रहा था। में 0.21 फीसदी) और इंफोसिस के शेयरों में 0.18 फीसदी की बढ़त रही।

# फॉर्च्यूनर अब नए डीजल माइल्ड हाइब्रिड वर्जन में होगी लॉन्च



**नई दिल्ली।**

भारत में टोयोटा की फुल-साइज एसयूवी फॉर्च्यूनर अब नए डीजल माइल्ड हाइब्रिड वर्जन में लॉन्च होने जा रही है। जानकारी के मुताबिक, यह नई फॉर्च्यूनर जून 2025 में भारतीय बाजार में पेश की जा सकती है। फिलहाल यह मॉडल दक्षिण अफ्रीका और ऑस्ट्रेलिया में पहले से ही उपलब्ध है। इस हाइब्रिड वर्जन में 2.8 लीटर डीजल इंजन के साथ 48 वोल्ट का माइल्ड हाइब्रिड सिस्टम दिया जाएगा, जो 3,000 आरपीएम पर 201 बीएचपी की ताकत और 1,600 आरपीएम पर 500 एनएम का टॉर्क पैदा करता है। यह केवल 6-स्पीड ऑटोमैटिक ट्रांसमिशन में आएगी और इसे 2डब्ल्यूडी और 4डब्ल्यूडी दोनों विकल्पों में पेश किया जाएगा। भारत में मौजूदा फॉर्च्यूनर दो इंजन विकल्पों में उपलब्ध है, जिनमें एक 2.7 लीटर पेट्रोल और दूसरा 2.8 लीटर डीजल इंजन है। पेट्रोल वेरिएंट 164 बीएचपी और 245 एनएम टॉर्क देता है, जबकि डीजल वर्जन ऑटोमैटिक में 500 एनएम और मैनुअल में 420 एनएम टॉर्क पैदा करता है। भारत में फॉर्च्यूनर पेट्रोल की कीमत 35.37 लाख रुपये से शुरू होती है जबकि डीजल वर्जन की शुरुआती कीमत 36.33 लाख रुपये है। नई हाइब्रिड फॉर्च्यूनर इनसे थोड़ी अधिक कीमत पर लॉन्च हो सकती है। कंपनी का दावा है कि माइल्ड हाइब्रिड तकनीक के कारण फॉर्च्यूनर की फ्यूल इकॉनमी करीब 10 प्रतिशत तक बेहतर हो जाएगी। साथ ही एसयूवी की परफॉर्मेंस, स्मूदनेस और ऑफ-रोड क्षमता पहले जैसी ही बनी रहेगी। इसकी ऑफ-रोड क्षमताओं में कोई कमी नहीं आएगी और यह 700 मिमी गहरे पानी में भी आसानी से चल सकती है।

## टाटा ग्रुप की वोल्टास ने कमाया दोगुना मुनाफा

**अब हर शेयर पर देगी 7 रुपए डिविडेंड, 1850 रुपये का बड़ा टारगेट प्राइस**

**नई दिल्ली।**

टाटा ग्रुप की एक अन्य कंपनी वोल्टास लिमिटेड, ने नए रिकॉर्ड नतीजों के साथ तीन महीनों में मामूली कमाई की गुणजति दिखाई है। कंपनी ने इस अवधि में 107 फीसदी का मुनाफा दर्ज किया है, जिसके परिणामस्वरूप मुनाफा दोगुना हो गया है। ब्रोकरेज हाउस ने वोल्टास के शेयरों पर टारगेट प्राइस को बढ़ाया है। सभी ब्रोकरेज फर्म ने वोल्टास के शेयरों पर महंगे टारगेट प्राइस दिए हैं, जिससे कारोबारी सत्र में इसमें उच्च गति की संभावना है। वोल्टास ने मार्च तिमाही में अपने नतीजों को घोषित किया, जिसमें उन्होंने अपनी आईन्द्रिय अवधि में 108 फीसदी की आमदनी प्राप्त की है। कंपनी का रेवेन्यू भी बढ़कर 4767.6 करोड़ रुपये हो गया है, जो 4203 करोड़ रुपये के पिछले साल के मुकाबले है। इसके साथ ही, वोल्टास ने शेयरधारकों को प्रति शेयर 7 रुपये के डिविडेंड की सिफारिश की है। रिजल्ट एक्सपर्ट्स का कहना है कि वोल्टास के बेहतर नतीजों के बाद भी उनके पुराने अनुमानों से कम रहे हैं, जिसका प्रभाव शेयरों की कीमतों पर भी पड़ सकता है। कल वोल्टास के भावनात्मक शेयर बीएसई पर 1.19त उछाल कर 1244.25 पर बंद हुए थे। इस अवधि में उच्च स्तर पर टारगेट प्राइस देने पर ब्रोकरेज फर्मों की संकेतिक रेटिंग भी अत्यधिक मान्यवर है।

नोरा ने बिलबोर्ड फीचर के साथ

# रचा इतिहास



एक ऐतिहासिक उपलब्धि के तहत नोरा फतेही ने एक बार फिर यह साबित कर दिया है कि वह एक सच्ची ग्लोबल स्टार हैं। नोरा फतेही एक बार फिर सुर्खियों में हैं, इस बार टैलेंट मैनेजर और सीईओ अंजुला आचार्य और रैपर किंग जैसे इंडस्ट्री के पावर प्लेयर्स के साथ बिलबोर्ड फीचर की शोभा बढ़ा रही हैं! वार्नर ब्रदर्स के साथ तीनों की अभूतपूर्व साझेदारी ने उन्हें बिलबोर्ड फीचर में एक प्रमुख स्थान दिलाया है, जहाँ उनके संगीत और मनोरंजन के जरिए संस्कृतियों को जोड़ने के प्रयासों को सराहा गया है। यह कवर फीचर नोरा की पॉप म्यूजिक की दुनिया में क्रॉसओवर को सुदृढ़ करता है, और अंजुला आचार्य ने इसे संभव बनाने के लिए 5 जंक्शन रिकॉर्ड्स और वार्नर रिकॉर्ड्स के साथ मिलकर इस मुकाम तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभा रही हैं। स्नेक के साथ बाधाओं को तोड़ने से लेकर एक ग्लोबल पॉप कलाकार के रूप में अपनी जगह बनाने तक, नोरा की यात्रा वही है जिसका इंडस्ट्री को इंतजार था। इंस्टाग्राम पर अपनी खुशी साझा करते हुए नोरा ने लिखा- एक और मील का पत्थर! बिलबोर्ड कवर पर मेरी पहली उपस्थिति! यह बहुत बड़ी बात है, मेरे वैश्विक म्यूजिक करियर के विज़न की दिशा में एक और कदम! अभी बहुत कुछ होने वाला है, और मैं तब तक इंतज़ार नहीं कर सकती जब तक दुनिया देख न ले कि आगे क्या होने वाला है! अपनी टीम की आभारी हूँ-यह हमारा समय है. जेसन डेरूलो के साथ उनके धमाकेदार कोलाब स्नेक से लेकर रेवनी के साथ उनके हिट अफ्रोपॉप सिंगल पेपेटा और जैक नाइट के साथ प्रशंसकों के पसंदीदा डर्टी लिटिल सीक्रेट तक, नोरा एक जीवंत और बहुमुखी वैश्विक संगीत सूची बनाना जारी रखती हैं। उनके सोलो ड्रॉप आई एम बॉसी ने एक उभरती हुई ग्लोबल पॉप ताकत के रूप में उनकी उपस्थिति को और मजबूत किया। संगीत के अलावा, नोरा फिल्म और फैशन में भी धूम मचा रही हैं। उन्होंने बी हैप्पी में अपनी मुख्य भूमिका से दर्शकों को प्रभावित किया और अब वे बहुप्रतीक्षित प्रोजेक्ट द रॉयल्स में नजर आने वाली हैं। फैशन के मोर्चे पर, उन्होंने लुई वुइटन की म्यूज़ के रूप में पेरिस फैशन वीक में अपनी चमक बिखेरी और ऑस्कर आफ्टर-पार्टी में सब का ध्यान अपनी ओर खींचा। उनकी यात्रा का एक गौरवपूर्ण क्षण वह था जब वह फीफा वर्ल्ड कप के मुख्य कार्यक्रम में परफॉर्म करने वाली पहली भारतीय कलाकार बनीं थी, जिसे लाखों लोगों ने देखा। नोरा फतेही सिर्फ सीमाएँ पार नहीं कर रही हैं - एक-एक दमदार कदम के साथ, वह वैश्विक पॉप की कहानी में अपना नाम खुद लिख रही हैं।

वरुण तेज और लावण्या त्रिपाठी के घर

# जल्द गूंजेगी किलकारी



टॉलीवुड स्टार वरुण तेज और उनकी पत्नी लावण्या त्रिपाठी जल्द ही माता-पिता बनने वाले हैं। उन्होंने इसकी जानकारी सोशल मीडिया पर शेयर की, जिसके बाद कई सेलेब्स लगातार उन्हें बधाई दे रहे हैं। टॉलीवुड के सबसे पसंदीदा कपल वरुण तेज और लावण्या त्रिपाठी जल्द ही माता-पिता बनने वाले हैं। वह अपने पहले बच्चे का स्वागत करने वाले हैं। उन्होंने सोशल मीडिया पर एक प्यारी तस्वीर शेयर की, जिसमें वे हाथ में छोटे बेबी शूज लिए हुए हैं। वरुण तेज ने आज इंस्टाग्राम पर एक तस्वीर शेयर की, जिसमें वरुण और लावण्या के सिर्फ हाथ दिखाई दे रहे हैं। दोनों के एक-दूजे के हाथ को कस के पकड़ रखा है और साथ ही उन्होंने छोटे बेबी के क्यूट शूज भी दो उंगलियों की मदद से पकड़ रखे हैं। इसके प्यारी तस्वीर के साथ वरुण ने कैप्शन में लिखा, जीवन की अब तक की सबसे खूबसूरत भूमिका- जल्द ही आ रही है। वरुण की इस खास पोस्ट के बाद कई सेलेब्स उन्हें लगातार बधाई दे रहे हैं।

अल्लू से लेकर राम चरण की पत्नी ने दी वरुण और लावण्या को माता-पिता बनने की बधाई

साउथ अभिनेत्री काजल अग्रवाल ने लिखा, बहुत-बहुत बधाई, आप तीनों को ढेर सारा प्यार!, प्रज्ञा जायसवाल ने लिखा, वाह बधाई हो, अदिति राव हैदरी ने लिखा, बधाई हो, आप दोनों को ढेर सारा प्यार, रकुल प्रीत सिंह ने लिखा, हल्ला बधाई हो, राम चरण की पत्नी उपासना कामिनेनी ने लिखा, सबसे अच्छी खबर, सबसे प्यारे माता-पिता बनने वाले, अल्लू अर्जुन की पत्नी स्नेहा ने लिखा, बधाई हो, सामंथा रुथ प्रभु ने लिखा, बधाई हो।

# रजनीकांत को पसंद आई सूर्या की 'रेट्रो', बताया सुपर



1 मई को सिनेमाघरों में रिलीज हुई अभिनेता सूर्या स्टारर एक्शन फिल्म 'रेट्रो' को दर्शकों का खूब प्यार मिल रहा है। फिल्म बॉक्स ऑफिस पर 45 करोड़ से ज्यादा की कमाई कर चुकी है। इस बीच 'थलाइवा' रजनीकांत ने भी 'रेट्रो' देखी और अभिनेता की एक्टिंग को 'सुपर' बताया। निर्देशक कार्तिक सुब्बाराज ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर पोस्ट शेयर कर बताया कि सुपरस्टार रजनीकांत को उनकी फिल्म बेहद पसंद आई और उन्होंने इसमें सूर्या के अभिनय को सुपर बताया है। कार्तिक सुब्बाराज ने लिखा, थलाइवा ने रेट्रो देखी और उन्हें यह बहुत पसंद आई। फिल्म में शानदार काम करने के लिए थलाइवा ने टीम की तारीफ की। उन्होंने कहा कि पूरी टीम ने शानदार प्रयास किया और सूर्या की एक्टिंग सुपर है। फिल्म के आखिरी 40 मिनट आपको बांधे रखते हैं। निर्देशक ने पोस्ट में बताया कि फिल्म को लेकर थलाइवा की तारीफ मिलने पर वह खुशी से फूले नहीं समा रहे हैं। उन्होंने आगे लिखा, मैं बहुत खुश हूं, लव यू थलाइवा। रजनीकांत से पहले अभिनेता वरुण धवन ने रेट्रो देखी और इंस्टाग्राम के स्टोरीज सेक्शन पर पोस्ट शेयर कर अपने विचार रखे थे। फिल्म की कहानी और कलाकारों की तारीफ करते हुए वरुण ने लिखा, कल रात रेट्रो देखी। रुक्मणी के किरदार में पूजा हेगड़े बहुत पसंद आईं। पूजा, आप फिल्म में बहुत प्यारी लगीं और सूर्या हमेशा की तरह फिर से आपका काम शानदार लगा।

# टाइगर श्रॉफ

# 'जहान-द लास्ट गिफ्ट' में एनवायरनमेंट कहानीकार बने



वेव्स समिट 2025 में इसकी आधिकारिक स्क्रीनिंग के बाद, टाइगर श्रॉफ ने इसे अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर इस विचारोत्तेजक शॉर्ट फिल्म का टीज़र जारी किया। बॉलीवुड के सबसे युवा एक्शन सुपरस्टार और पर्यावरण के प्रति समर्पित टाइगर श्रॉफ एक बार फिर सुर्खियों में हैं – लेकिन इस बार एक बेहद भावनात्मक और सामाजिक रूप से महत्वपूर्ण विषय को लेकर चर्चा में हैं। टाइगर द्वारा अभिनीत शॉर्ट फिक्शन फिल्म जहान-द लास्ट गिफ्ट को वेव्स समिट 2025 में प्रदर्शित किया गया, जिसने पर्यावरण चेतना और मानवीय जिम्मेदारी के बारे में बातचीत को बढ़ावा दिया। टाइगर श्रॉफ, जो इस शॉर्ट फिल्म में मुख्य भूमिका में भी शामिल हैं, उन्होंने अपने इंस्टाग्राम पर टीजर शेयर करते हुए कैप्शन लिखा-कभी-कभी अंत ही नई शुरुआत होती है। इस शक्तिशाली संदेश वाली शॉर्ट फिल्म का हिस्सा बनकर खुशी हुई, जिसे मेरे भाई राहुल शेट्टी ने निर्देशित किया है। इस समय इसकी ही जरूरत है राहुल शेट्टी द्वारा निर्देशित जहान जलवायु परिवर्तन और मानवीय उदासीनता की कठोर वास्तविकताओं को दर्शाती है, जो मार्मिक कहानी और प्रभावशाली दृश्यों के माध्यम से दर्शकों को जोड़ती है। इस फिल्म का निर्माण आर.डी. एंटरटेनमेंट प्रा. लि. और आरएस स्टूडियोज द्वारा किया गया है। यह एक ऐसी फिल्म है जो दर्शकों से प्रकृति से दोबारा जुड़ने और यह सोचने की अपील करती है कि हम अपने पीछे कैसी विरासत छोड़ रहे हैं. एक ऐसा प्रोजेक्ट जो टाइगर के दिल के बेहद करीब है, जहान टाइगर की प्रकृति प्रेम के प्रति लंबे समय से चली आ रही वकालत और एक युवा आइकन के रूप में उनकी भूमिका को दर्शाता है जो अपने मंच का उपयोग सार्थक कारणों के लिए करता है। अपने अनुशासन और समर्पण के लिए जाने जाने वाले टाइगर इस दिल को छू लेने वाली भूमिका में भी वही गहराई लाते हैं, जो इस बात की पुष्टि करता है कि असली ताकत उन चीजों की रक्षा करने में है जो वास्तव में मायने रखती हैं। फिल्म का हिस्सा बनने के बारे में अपने अनुभव को साझा करते हुए, टाइगर श्रॉफ ने कहा, जहान का हिस्सा बनना एक बहुत ही सार्थक अनुभव था।

# हाउस अरेस्ट शो: रेप केस के बाद से गायब हैं एजाज खान, फोन भी स्विच ऑफ



मुंबई के चारकोप पुलिस स्टेशन में दुष्कर्म का मामला दर्ज होने के बाद हाउस अरेस्ट शो के होस्ट और अभिनेता एजाज खान गायब हैं। मुंबई पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, उनका फोन भी बंद है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, मुंबई की चारकोप पुलिस ने एजाज खान से संपर्क करने की कोशिश की, लेकिन वह संपर्क में नहीं हैं, एजाज खान का फोन भी स्विच ऑफ है। एजाज खान के घर पुलिस पहुंची थी। लेकिन, वह अपने घर पर नहीं मिले। एजाज खान पर शादी का झांसा देकर दुष्कर्म का आरोप लगाते हुए एक अभिनेत्री ने मामला दर्ज करवाया है। वहीं, सोमवार को 'अश्लील' शो 'हाउस अरेस्ट' के प्रसारण को लेकर अभिनेता एजाज खान और उल्लू ऐप के मालिक को समन भेजकर जांच अधिकारी के समक्ष बयान दर्ज कराने के लिए कहा गया है। मुंबई की अंबोली पुलिस ने सोमवार को समन भेजा है। एजाज खान पर शो हाउस अरेस्ट में अश्लील कंटेंट प्रसारित करने का आरोप है, जिसके बाद सोशल मीडिया के साथ आम लोगों में भी आक्रोश देखने को मिला। विश्व हिन्दू परिषद के कार्यकर्ता की शिकायत पर अंबोली पुलिस ने एफआईआर दर्ज की। इस मामले में पुलिस ने उल्लू ऐप के मैनेजर का बयान दर्ज कर लिया है। इससे पहले 2 मई को एजाज खान को समन जारी हुआ था। उल्लू ऐप ने हाउस अरेस्ट के सारे विवादित एपिसोड अपने प्लेटफॉर्म से हटा दिए हैं। इस विषय में महाराष्ट्र साइबर सेल के प्रमुख यशस्वी यादव ने जानकारी दी थी। उन्होंने बताया कि निर्देश पर ऐप ने शो को बंद कर दिया है। यदि कोई शिकायत मिलती है तो वह एक्शन लेंगे। उल्लेखनीय है कि राष्ट्रीय महिला आयोग ने भी एजाज खान के साथ ही उल्लू ऐप के सीईओ विभु अग्रवाल को समन भेजकर 9 मई को आयोग के सामने पेश होने के लिए कहा है।

# अजय देवगन बॉलीवुड का सबसे भरोसेमंद फ्रैंचाइज़ी हीरो



बॉलीवुड के सबसे विश्वसनीय सितारों में से एक, अजय देवगन, आज न केवल एक अभिनेता हैं, बल्कि एक चलती-फिरती फ्रैंचाइजी मशीन बन चुके हैं। उनकी हालिया फिल्म 'रेड 2', 1 मई को रिलीज होने के कुछ ही दिनों में अपनी लागत निकालकर ?79 करोड़ से ज्यादा कमा चुकी है, और अब यह ?100 करोड़ क्लब की ओर तेजी से बढ़ रही है। लेकिन यह फिल्म केवल शुरुआत है–आने वाले दो वर्षों में अजय कई हिट फिल्मों की अगली कड़ियों में नजर आएंगे, जिनमें 'दे दे प्यार दे 2', 'गोलमाल 5', 'धमाल 4', 'शैतान 2', 'दृश्यम 3' और 'सन ऑफ सरदार 2' शामिल हैं। अजय देवगन बॉलीवुड के सबसे सफल और बहुआयामी अभिनेता हैं, जिन्होंने विभिन्न शैलियों में अपनी अभिनय क्षमता का लोहा मनवाया है। उनकी फिल्मों की फ्रैंचाइज़ी ने उन्हें एक ऐसा स्थान दिलाया है जहाँ वह एक अभिनेता नहीं, बल्कि एक सिनेमाई ब्रह्मांड के निर्माता के रूप में स्थापित हो गए हैं। दिलचस्प बात यह है कि अजय अलग-अलग शैली की फ्रैंचाइज़ीज़ का नेतृत्व कर रहे हैं–चाहे वह 'सिंघम' जैसा एक्शन हो, 'दृश्यम' जैसी इमोशनल थ्रिलर, या 'गोलमाल' जैसी फुल ऑन कॉमेडी। उनकी हर फ्रैंचाइज़ी एक अलग दुनिया पेश करती है, और दर्शक खुशी-खुशी हर ब्रह्मांड का हिस्सा बन जाते हैं। यही उनकी ताकत है–वो हर जॉनर में विश्वसनीयता लेकर आते हैं। जहाँ एक ओर 'सिंघम' ने एक पुलिस यूनिवर्स की नींव रखी जिसमें रणवीर सिंह और अक्षय कुमार जैसे सितारे भी जुड़े, वहीं 'दृश्यम' ने परिवार और बलिदान की गहराई दिखाई। इसके उलट 'गोलमाल' और 'धमाल' दर्शकों को हंसी के समुंदर में डुबो देते हैं।

'तन्वी द ग्रेट' में नजर आएंगे बोमन ईरानी

# अनुपम खेर बोले- 'राजासाब' आपका आभार




फिल्म निर्देशक-अभिनेता अनुपम खेर की अपकमिंग फिल्म 'तन्वी द ग्रेट' सिनेमाघरों में दस्तक देने को तैयार है। अभिनेता आए दिन फिल्म के कलाकारों, कहानी समेत अन्य जानकारी से प्रशंसकों को रूबरू करा रहे हैं। उन्होंने पोस्ट शेयर कर फिल्म के नए किरदार 'राजा साब' से मिलवाया, जो अभिनेता बोमन ईरानी का है। खेर का मानना है कि उन्होंने अपने अभिनय से फिल्म को और भी बेहतरीन बना दिया। इंस्टाग्राम पर बोमन ईरानी के किरदार का पोस्टर शेयर करते हुए अनुपम खेर ने कैप्शन में लिखा, ''तन्वी द ग्रेट' के अभिनेता बोमन ईरानी न केवल बेहतरीन कलाकार, बल्कि बेहतरीन इंसान भी हैं। सेट पर उनके जैसा दोस्त होना जीवन में संपत्ति की तरह है। खेर ने बताया कि जब उन्होंने बोमन को फिल्म की कहानी के बारे में बताया तो उन्होंने झट से हां कह दिया और उनकी प्रतिक्रिया भी शानदार थी। खेर ने बताया, जब मैंने उन्हें 'तन्वी द ग्रेट' का आइडिया सुनाया तो उन्होंने तुरंत कहा कि वह हमारी फिल्म का हिस्सा बनेंगे। फिल्म में उनकी मौजूदगी और अभिनय लाजवाब है! हर शॉट के बाद उनकी सराहना मेरे लिए मायने रखती है! तन्वी द ग्रेट के निर्देशक अनुपम खेर ने अपकमिंग फिल्म में बोमन के किरदार और नाम से भी पर्दा उठाया। उन्होंने खुलासा किया, 'राजा साब' को इतने प्यार, संवेदनशीलता और गहराई से गढ़ने के लिए बोमन का शुक्रिया। आपने किरदार में जो गहराई लाई है, वह तन्वी को बेहतरीन बनाती है। बता दें, बोमन ईरानी और अनुपम खेर के बीच दोस्ती का रिश्ता है और दोनों साथ में कई फिल्में कर चुके हैं। दोनों साल 2006 में रिलीज हुई दिबाकर बनर्जी की फिल्म खोसला का घोसला के साथ ही साल 2022 में आई फिल्म ऊंचाई में भी काम कर चुके हैं। सूरज बड़जात्या की फिल्म में अनुपम और बोमन के साथ अमिताभ बच्चन, नीना गुप्ता, सारिका, नफीसा अली, डैनी डेन्जोंगपा, परिणीति चोपड़ा समेत अन्य सितारे हैं।

समाचार गेट
HARHIN11569
स्वामी (मुद्रक, प्रकाशक) रवीना यादव द्वारा साईं प्रिंटिंग प्रेस, डी-85, सेक्टर-6, नोएडा 201301, उत्तर प्रदेश से मुद्रित करवाकर कार्यालय मकान नंबर 2, गिरि सेक्टर-61, विलेज मलेरना, बल्लभगढ़ फरीदाबाद, (हरियाणा) से प्रकाशित किया। संपादक: कृष्णा शर्मा। संपादकीय कार्यालय: मकान नंबर 2, गिरि सेक्टर-61, विलेज मलेरना, बल्लभगढ़ फरीदाबाद, (हरियाणा) पीआरबी एक्ट के अंतर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। सभी विवादों का न्याय क्षेत्र फरीदाबाद न्यायालय होगा। कानूनी सलाहकार: मधुसूदन शर्मा, 9818180269, ईमेल : krishna24news@gmail.com

# नशा मनुष्य के जीवन के लिए विष के समान

समाचार गेट/संजय शर्मा

कुरुक्षेत्र। हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कण्ट्रोल ब्यूरो के पुलिस महानिदेशक श्री ओपी सिंह, भापुसे के दिशानिर्देशों एवं पुलिस अधीक्षक श्री मोहित हांडा, भापुसे और पुलिस अधीक्षक श्रीमती पंखुड़ी कुमार के नेतृत्व में नशे के विरुद्ध विभिन्न प्रकार के प्रकल्पों के माध्यम से लोगों को जागरूक करने का अभियान चलाया गया है। ब्यूरो द्वारा न केवल शहरों अपितु गाँव गाँव तक नशे के विरुद्ध प्रचार प्रसार किया है। इनमें मुख्य रूप से गाँव गाँव तक जागरूकता कार्यक्रम, नून लौटा, नुक्कड़ नाटक, बकेट चैलेंज और हृदय परिवर्तन के द्वारा लोगों को नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। आज हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कण्ट्रोल के जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी उप निरीक्षक डॉ. अशोक कुमार वर्मा पीपली से कुरुक्षेत्र साइकिल लेकर नशे के विरुद्ध जागरूकता करने निकल पड़े और मार्ग में अनेक स्थानों पर युवाओं को नशे के विरुद्ध जागरूक किया। उन्होंने बताया कि नशा मनुष्य के जीवन के लिए विष के समान है। नशा मुक्त अभियान को सफल बनाने के लिए सभी को सहयोग करना होगा। कोई भी व्यक्ति निश्चिन्त होकर हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कण्ट्रोल ब्यूरो के हेल्पलाइन नंबर 9050891508 पर अथवा 1933 पर अथवा MANAS पर नशे के विरुद्ध गुप्त सूचनाएं दे सकता है।




# प्राणदान से कम नहीं है रक्तदान : जीएम एकता चौपड़ा

## विश्व रेडक्रॉस दिवस पर हुआ रक्तदान शिविर का आयोजन




समाचार गेट/अनिल मोहनियां

नूंह। भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी हरियाणा राज्य शाखा चंडीगढ़ के दिशा निर्देशानुसार जिला रेडक्रॉस सोसायटी नूंह की ओर से गुरुवार को विश्व रेडक्रास दिवस पर समान्य बस स्टैंड नूंह व राजकीय मॉडल संस्कृति सीनियर सेकेंडरी स्कूल नूंह -1 में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ हरियाणा राज्य परिवहन नूंह की महाप्रबंधक डॉ एकता चोपड़ा ने रैडक्रॉस संस्थापक सर जीन हेनरी दुनांत के चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए किया। जीएम ने रक्तदाताओं को बैज लगा कर एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया। शिविर में 77 युवाओं ने स्वेच्छा से रक्तदान किया। हरियाणा राज्य परिवहन नूंह की महाप्रबंधक डॉ एकता चोपड़ा ने कहा कि रक्तदान प्राणदान से कम नहीं है इसलिए इसे दुनिया का सबसे बड़ा दान माना गया है। हर व्यक्ति का फर्ज बनता है कि वह इस महादान में अपना सहयोग अवश्य करें। क्योंकि कभी न कभी हर व्यक्ति को रक्त की जरूरत पड़ सकती है। रक्तदान करना एक पुनीत कार्य है और इस पुनीत कार्य में शामिल होकर व्यक्ति महान बन सकता है। एक स्वस्थ मनुष्य जीवन में रक्तदान कर पुण्य लाभ हासिल कर सकता है। रक्तदान करने से शरीर में कोई कमजोरी नहीं आती है। रक्तदान करने के बाद मानव के शरीर में तेजी से रक्त का निर्माण शुरू हो जाता है। रक्तदान लाइसेंस शुदा ब्लड बैंकों या विभिन्न रक्तदान शिविरों में तीन माह के अंतराल में किया जा सकता है अधिकारी महेश सिंह मलिक ने बताया कि आज जिला रैडक्रॉस सोसायटी नूंह के द्वारा हरियाणा राज्य परिवहन विभाग नूंह के बस अड्डा परिसर एवं आई टी आई मरोड़ा के परिसर में करीब 500 युवाओं को स्वैच्छिक रक्तदान एवं सी पी आर तकनीकी बारे जागरूक किया गया। उन्होंने कहा कि हर व्यक्ति जिसकी उम्र 18 वर्ष हो उसका वजन 45 किलो से अधिक, उसका ह्यूमोग्लोबिन 12.5 ग्राम हो तथा वह नियमित तौर पर दवाईयां न खाता हो वह पुरुष 90 दिनों के अंतराल तथा महिला 120 दिनों के बाद पुन रक्तदान कर सकते हैं। रक्तदान अपने जन्मदिन, बुजुर्गों की पुण्यतिथि, शादी की सालगिराह तथा महापुरुषों की जयंती तथा शहिदी दिवस पर रक्तदान किया जा सकता है। शिविर के सफल आयोजन में हरियाणा राज्य परिवहन विभाग विक्रम कुमार, इद्रीश, शिव कुमार, आई टी आई मरोड़ा प्रधानाचार्य सुधीर कुमार, रैड क्रॉस से नरेश कुमार, नितिन वर्मा, विनोद रघुवंशी, रैड क्रॉस के आजीवन सदस्यों आदि का अहम योगदान रहा।

# जिला रैडक्रॉस सोसाइटी फरीदाबाद द्वारा मनाया गया विश्व रैडक्रॉस दिवस

समाचार गेट/संजय शर्मा

फरीदाबाद। विक्रम सिंह, उपायुक्त एवं प्रधान जिला रैडक्रॉस सोसायटी, फरीदाबाद के कुशल मार्गदर्शन व अंकुश मिगलानी, उपाध्यक्ष व महेश जोशी महासचिव भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी हरियाणा राज्य शाखा चंडीगढ़ से प्राप्त निर्देशानुसार विश्व रेडक्रॉस दिवस 08 मई, 2025 को रैडक्रॉस सोसाइटी फरीदाबाद द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। उपायुक्त एवं अध्यक्ष जिला रेडक्रॉस सोसाइटी फरीदाबाद के द्वारा उपायुक्त कार्यालय सेक्टर 12 फरीदाबाद में रेडक्रॉस के जनक सर जीन हेनरी ड्युंनां की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की तथा उनके जीवन मूल्यों और मानवीय सेवा के प्रति योगदान को स्मरण किया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि सर जीन हेनरी ड्युंनां का जीवन समर्पण, करुणा और सेवा भावना की मिसाल है। उनकी सोच ने रेड क्रॉस जैसी अंतरराष्ट्रीय संस्था को जन्म दिया, जो आज भी आपदा, युद्ध एवं संकट की घड़ी में मानवता की रक्षा के लिए समर्पित है। उन्होंने उपस्थित सभी नागरिकों से रैडक्रॉस की गतिविधियों से जुड़ने और मानवता के कार्यों में सक्रिय भागीदारी निभाने का आह्वान किया। इस दौरान रेडक्रॉस दिवस के अवसर पर उपायुक्त कार्यालय में उपस्थित स्टाफ को महामहिम राज्यपाल, हरियाणा का संदेश वीडियो का भी प्रसारण कर सभी को सुनाया गया

दूसरी कड़ी में जे सी बोस यूनिवर्सिटी आफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी, फरीदाबाद में रैडक्रॉस सोसाइटी, फरीदाबाद तथा मारवाड़ी युवा मंच, फरीदाबाद के सयुंक्त तत्वावधान में एक स्वैच्छिक विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। उपस्तिथ मुख्य अतिथि प्रोफेसर एस के तोमर, वाईस चांसलर, जे सी बोस यूनिवर्सिटी, फरीदाबाद द्वारा सर जीन हेनरी ड्युंनां की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते हुए रक्तदाताओं का हौसला बढ़ाया और शिविर में रक्तदान दाताओं को रक्त के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी साँझा करते हुए बताया की समय समय पर रक्तदान करना चाहिए इससे शरीर में किसी प्रकार की कोई कमजोरी नहीं आती है। तीसरी कड़ी में एल मेहता दयानन्द महिला कॉलेज, एँन आई टी, फरीदाबाद में एकदिवसीय प्राथमिक चिकित्सा कार्यक्रम तथा विभिन्न प्रतियोगिताओ का आयोजन किया गया। उप अधीक्षक रेडक्रॉस सोसाइटी फरीदाबाद पुरुषोत्तम सैनी ने रेडक्रॉस सोसायटी की गतिविधियों का वर्णन करते हुए कहा कि आज के एल मेहता दयानन्द महिला कॉलेज, एँन आई टी, फरीदाबाद में लगभग 150 विद्यार्थियों को प्राथमिक सहायता का प्रशिक्षण दिया गया तथा विभिन्न प्रतियोगिता करवाई गई तथा विजेताओं को पुरस्कृत किया गया, उन्होंने सभी विधार्थियों को रैड क्रॉस साथ बतौर स्वयंसेवक जुड़ने का आह्वान किया ताकि जनकल्याण कार्यों मे उनकी भागीदारी हो सके।

जिला रैड क्रॉस सोसाइटी फरीदाबाद के सचिव बिजेन्द्र सौरोत ने कॉलेज प्रोफेसर, एवं विद्यार्थी जिनके द्वारा इस शिविर में प्रशिक्षण लिया गया उनको धन्यवाद किया तथा रेडक्रॉस दिवस की सुभकामनाये दी तथा इस दौरान रेडक्रॉस दिवस के अवसर पर कॉलेज स्टाफ तथा विद्यार्थियों को महामहिम राज्यपाल, हरियाणा का संदेश वीडियो का भी प्रसारण कर सभी को सुनाया गया। इस दौरान कार्यक्रम के सफल आयोजन में मुख्य रूप से विमल खंडेलवाल पैट्रन, प्रताप सिंह आजीवन सदस्य, रेडक्रॉस सोसाइटी फरीदाबाद के प्रवक्ता दर्शन भाटिया, हिमांशु, ब्रिगेड ऑफिसर अरविन्द शर्मा, मनदीप चोपड़ा, युवराज, अशोक, ने पूर्ण सहयोग दिया।



# जन समस्याओं का समाधान कराना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता : अतिरिक्त उपायुक्त

**अतिरिक्त उपायुक्त ने वीरवार को समाधान शिवर में सुनी लोगों की शिकायतें**

**साकरस निवासी शेर मौहम्मद व हाजरा की मौके पर बुढ़ापा पेंशन बनवाकर पहुंचाई राहत**

**वीरवार को समाधान शिविर में 06 शिकायतें हुई प्राप्त**



समाचार गेट/अनिल मोहनियां

नूंह। जिला प्रशासन की ओर से अतिरिक्त उपायुक्त प्रदीप सिंह मलिक की अध्यक्षता में वीरवार को समाधान शिविर का आयोजन किया गया। लघु सचिवालय स्थित सभागार में आयोजित इस शिविर में 6 शिकायतें प्राप्त हुई, जिनके समाधान के लिए अतिरिक्त उपायुक्त प्रदीप सिंह मलिक ने संबंधित अधिकारियों को उचित कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि समाधान शिविर में प्राप्त होने वाली शिकायतों के संबंध में सभी अधिकारी सकारात्मक दृष्टिकोण रखते हुए उचित व जल्द समाधान सुनिश्चित करें। उन्होंने बताया कि जन समस्याओं का समाधान कराना प्रशासन का कर्तव्य और सर्वोच्च प्राथमिकता है। एडीसी ने कहा इन समाधान शिविरों का उद्देश्य जनता की शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र निवारण करवाना है। उन्होंने कहा कि आमजन की भागीदारी से ही समाधान शिविरों को प्रभावशाली बनाया जा सकता है। उन्होंने नागरिकों से आह्वान किया कि वे समाधान शिविरों का अधिक से अधिक लाभ उठाते हुए अपनी समस्याओं का निपटान करवाएं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि समाधान शिविर में आई शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए समयबद्ध कार्रवाई कर लोगों को राहत पहुचाएं।

समाधान शिविर में वीरवार को अतिरिक्त उपायुक्त प्रदीप सिंह मलिक के समक्ष गांव साकरस निवासी शेर मौहम्मद पुत्र नूर मौहम्मद व हाजरा पत्नी शेर मौहम्मद की मौके पर ही बुढ़ापा पेंशन बनवाकर राहत पहुंचाई। एडीसी ने सभी शिकायतों पर संज्ञान लेते हुए संबंधित अधिकारियों को लोगों की शिकायतों के त्वरित समाधान करने के निर्देश दिए। वीरवार को आयोजित समाधान शिविर में जिला व उपमंडल स्तर पर बिजली, परिवार पहचान पत्र, शिक्षा विभाग, पशु पालन विभाग व पुलिस सहित अन्य विभागों से संबंधित कुल 6 शिकायतें आई, जिनमें से 2 शिकायतों का मौके पर ही समाधान करवाया दिया गया। वहीं लंबित रहीं शिकायतों पर संज्ञान लेते हुए जल्द कार्रवाही कर संबंधित विभाग के अधिकारियों को निवारण के निर्देश दिए गए। इस अवसर पर एसडीएम नूंह अश्वनी कुमार सहित अन्य विभाग के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

# गुरुग्राम में 10 मई को लगेगी राष्ट्रीय लोक अदालत, लंबित मामलों का होगा समाधान

## दोनों पक्षों के आपसी राजीनामे से होगा मामलों का निपटारा : रमेश चंद्र

**लोक अदालत के लिए जिला एवं सत्र न्यायालय, गुरुग्राम, उपमंडल न्यायिक परिसर सोहना व पटोदी में विशेष बेंचों के माध्यम से किया जाएगा मामलों का निपटारा**



समाचार गेट/संजय शर्मा

गुरुग्राम। अदालतों में सालों से लंबित पड़े मामलों को जल्दी और आपसी सहमति से निपटाने की दिशा में एक और पहल करते हुए राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण और हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से 10 मई को गुरुग्राम में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। गुरुग्राम के जिला एवं सत्र न्यायालय परिसर के साथ ही पटोदी और सोहना के उपमंडल न्यायिक परिसरों में भी विशेष बेंच के माध्यम से 10 मई को मामलों का निपटारा किया जाएगा। इस अवसर पर वादकारी अपने मुकदमों को बिना लंबी कानूनी प्रक्रिया के, समझौते के ज़रिए सुलझा सकते हैं। वे खुद या अपने अधिवक्ताओं के माध्यम से अदालत में पेश होकर इस सुविधा का लाभ उठा सकते हैं।

जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण के सचिव रमेश चंद्र ने बताया कि इस लोक अदालत का उद्देश्य न्यायालयों में लंबित मामलों को आपसी समझदारी और सौहार्दपूर्ण माहौल में निपटाना है। उन्होंने बताया कि ऐसे मामले जिनमें दोनों पक्ष किसी समझौते पर पहुंच सकते हैं, लोक अदालत उनके लिए एक बेहतरीन मंच है। इस अदालत में बैंक लोन, मोटर वाहन दुर्घटनाएं, चेक बाउंस से जुड़े मामले, फौजदारी विवाद, राजस्व मामले, और वैवाहिक झगड़े जैसे विषयों पर सुनवाई की जाएगी।

रमेश चंद्र ने कहा कि लोक अदालत का फैसला अंतिम होता है, और उस पर कोई अपील नहीं की जा सकती जिससे न्यायिक प्रक्रिया में समय और खर्च दोनों की बचत होती है। उन्होंने कहा कि लोक अदालतों का मकसद 'जीत-हार' का फैसला नहीं, बल्कि दोनों पक्षों की सहमति से न्यायपूर्ण समाधान तलाशना होता है। यही कारण है कि बीते वर्षों में लोक अदालतें आम लोगों के बीच एक भरोसेमंद विकल्प बनकर उभरी हैं।

# अरावली क्षेत्र में आगजनी जैसी घटनाओं को रोकने के लिए प्रशासन प्रतिबद्ध : उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा



समाचार गेट/अनिल मोहनियां

नूंह। उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि जिला प्रशासन खोरी कलां तावड़ू में कैमिकल पदार्थ व फैक्टरियों सहित अन्य सॉलिड वेस्ट जलाने जैसी घटनाओं को रोकने के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है। इसी संदर्भ में एसडीएम तावड़ू संजीव कुमार की अध्यक्षता में एक कमेटी का गठन किया गया है, जिसमें वन विभाग, पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड व राजस्व विभाग के अधिकारी शामिल किए गए हैं।

उपायुक्त ने यह जानकारी वीरवार को पत्रकारों से बातचीत में दी। उन्होंने बताया कि जिला प्रशासन के पास अरावली क्षेत्र में आगजनी की सूचनाएं प्राप्त हो रही थी, जिससे काफी मात्रा में प्रदूषण फैलने, जीव-जंतुओं व वनस्पतियों को गंभीर क्षति पहुंचने सहित वायुमंडलीय प्रदूषण व लोगों के स्वास्थ्य को नुकसान की अधिक संभावना बनी हुई है। इसी नुकसान से बचने के उद्देश्य से अरावली क्षेत्र में भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 की धारा 163 के अंतर्गत आगजनी करने जैसी घटनाओं पर प्रतिबंध लगाया गया है। उन्होंने बताया कि इन घटनाओं के संदर्भ में एनजीटी भी गंभीर है। जिला प्रशासन की ओर से गठित कमेटी से रिपोर्ट मांगी गई है, जिसमें जो भी वास्तविक तथ्य सामने आएंगे, उस हिसाब से जरूरी कार्यवाही की जाएगी। अगर इस मामले में कोई भी व्यक्ति कूड़ा-कचरा व केमिकल

फ्री होम डिलीवरी, अखबार की कटिंग साथ लाने पर 10 प्रतिशत की छूट
संपर्क करें: 9811153271







| कैटेगरी | दवाइंडिया की कीमत | दवाई की मार्केट में औसतन कीमत | बचत (प्रतिशत) |
|---|---|---|---|
| बीपी एवं हार्ट | ₹ 20 (10 Tab) | ₹ 67 (10 Tab) | 70% |
| एंटी-डायबिटीज | ₹ 30 (15 Tab) | ₹ 204 (15 Tab) | 85% |
| मल्टीविटामिन | ₹ 50 (15 Tab) | ₹ 110 (15 Tab) | 54% |
| पेट | ₹ 33 (10 Tab) | ₹ 347 (10 Tab) | 90% |
| दर्द | ₹ 45 (04 Tab) | ₹ 99 (04 Tab) | 54% |
| पेन रिलीफ मेडिसिन | ₹ 35 (10 Tab) | ₹ 130 (10 Tab) | 73% |
| एंटी-कोल्ड / एलर्जी | ₹ 27 (10 Tab) | ₹ 226 (10 Tab) | 88% |
| स्टेटिन | ₹ 25 (10 Tab) | ₹ 140 (10 Tab) | 82% |